खबर कोना

राज्य में आंधी-तूफान और बारिश की संभावना

कोलकाता, 21 मार्च (जनसत्ता)।

बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और अनुकूल हवा के रुख के कारण पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में शनिवार तक आंधी और बारिश की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि झाड़ग्राम, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, बांकुड़ा, पुरुलिया, पूर्व बर्धमान, हुगली और हावड़ा जिले के एक या दो स्थानों पर शुक्रवार को तेज हवा, बिजली, ओलावृष्टि और हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। इसमें कहा गया कि नदिया, बीरभूम, मुर्शिदाबाद, पूर्वी बर्धमान और उत्तर व दक्षिण 24 परगना जिलों में शनिवार को तेज हवा, बिजली और हल्की से मध्यम बारिश के साथ तूफान आने की आशंका है। राज्य में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी।

'यूको बैंक नए युग की शुरुआत के लिए तैयार'

कोलकाता, 21 मार्च (जनसत्ता)।

यूको बैंक ने शिकायत टूल के निर्माण करने की घोषणा की है। इस टूल से शिकायत का अत्याधुनिक रूप से त्वरित समाधान है। यह पहल बैंक के भीतर विनियामक अनुपालन को बढ़ाने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और शासन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में यूको बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ अश्विनी कुमार, कार्यकारी निदेशक राजेंद्र कुमार साबू और श्री विजयकुमार निवृत्ति कांबले, बैंक के मुख्य अनुपालन अधिकारी रविशंकर नारायण भी शामिल हुए। सीईओ अश्विनी कुमार ने कहा कि बैंक टूल के स्वचालन का लाभ उठाकर त्रुटियों को कम करने, आवश्यकता सुनिश्चित करने,नए युग की शुरूआत के लिए तैयार है।

प्रदर्शन कर रहीं महिलाओं पर फूटा दिलीप घोष का गुस्सा

कोलकाता, 21 मार्च (भाषा)।

भाजपा के पूर्व सांसद दिलीप घोष का गुस्सा खड़गपुर में एक सड़क उद्घाटन के दौरान प्रर्दशन कर रही महिलाओं पर फूट पड़ा। प्रदर्शन कर रहीं महिलाओं और भाजपा नेता दिलीप घोष के बीच तीखी नोकझोंक हुई और धमकियां तथा विवादास्पद टिप्पणियां की गईं।

इस घटना के बाद तृणमूल कांग्रेस ने घोष की व्यापक आलोचना की। यह घटना वार्ड नंबर छह में हुई जहां घोष एक नवनिर्मित कंक्रीट सड़क का उद्घाटन करने पहुंचे थे। घोष के आगमन पर महिलाओं के एक समूह ने उन्हें घेर लिया और सवाल करने लगीं कि जब वह सांसद थे, तब वे उनके इलाके में क्यों नहीं आए। महिलाओं ने पूछा कि अब तक आप कहां थे? जब आप सांसद थे, तो हमने आपको कभी नहीं देखा। अब, हमारे पार्षद ने सड़क बनवा दी है तो आप यहां आए हैं? घोष ने दावा किया कि प्रदर्शनकारी महिलाएं तृणमूल कांग्रेस समर्थक थीं। भाजपा की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष घोष ने आक्रामक तरीके से उन्हें जवाब देते हुए कहा कि मैंने सड़क के लिए पैसे दिए हैं, यह आपके पिता का पैसा नहीं है! जाकर तृणमूल के प्रदीप सरकार स्थानीय से इसके बारे में पूछिए! एक महिला ने पलटकर कहा कि हमारे पिता को बीच में क्यों ला रहे हो? आप तो सांसद थे! इस पर घोष ने जवाब दिया कि मैं आपकी चौदह पीढ़ियों का नाम लूंगा।

> *तनाव* बढ़ने पर घोष ने प्रदर्शनकारियों को धमकाते हुए कहा कि इस तरह चिल्लाओ मत, मैं तुम्हारा गला घोंट दूंगा।

तनाव बढ़ने पर घोष ने प्रदर्शनकारियों को धमकाते हुए कहा कि इस तरह चिल्लाओ मत, मैं तुम्हारा गला घोंट दूंगा। मैंने सांसद के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान अपनी सांसद निधि से इसके लिए पैसे दिए हैं। स्थिति जल्द ही नियंत्रण से बाहर हो गई और घोष के सुरक्षाकर्मियों ने भाजपा कार्यकताओं के साथ मिलकर हस्तक्षेप करने की कोशिश की। खड़गपुर टाउन थाने की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। महिलाओं द्वारा घोष की कार को घेरने के बाद विरोध प्रदर्शन और तेज हो गया, जिसमें कई महिलाएं कार के सामने आती दिखीं, जिसके बाद घोष को प्रदर्शन के बीच इलाके से जाना पड़ा। वार्ड नंबर 6 के तृणमूल कांग्रेस पार्षद और खड़गपुर के पूर्व विधायक प्रदीप सरकार ने इस घटना पर घोष की निंदा की। उन्होंने कहा कि वह अब सांसद नहीं हैं, तो वह सड़क का उद्घाटन करने क्यों गए? नगरपालिका ने सड़क का काम पूरा किया है। वह वहां गए और अपना आपा खो बैठे, महिलाओं के पिता का नाम लेकर उनका अपमान किया।

सरकार ने कहा कि मैं वहां नहीं था, लेकिन उन्होंने मेरे पिता का भी अपमान किया। उन्होंने महिलाओं को 500 रुपए वाली कर्मचारी कहा। उन्हें माफी मांगनी चाहिए। अन्यथा, वे खड़गपुर में जहां भी जाएंगे, वहां विरोध प्रदर्शन होंगे। मैं उनकी टिप्पणी की निंदा करता हूं। एक पूर्व सांसद के लिए ऐसी भाषा अशोभनीय है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान घोष ने दावा किया कि विरोध प्रदर्शन तृणमूल कांग्रेस द्वारा आयोजित किया गया था।

मुख्यमंत्री ममता के बाद सुब्रत और अभिषेक संभालेंगे तृणमूल की कमान

कोलकाता, 21 मार्च (जनसत्ता)।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को विदेश सफर पर रवाना हो रही हैं। अगले हफ्ते उनकी वापसी की संभावना है। एक हफ्ते तक राज्य सरकार के कामकाज के लिए नीति तैयार की है। दल में युवा और बुजुर्ग के विवाद पर अंकुश लगाने के लिए सुब्रत -अभिषेक को दल संभालने की जिम्मेवारी दी गई है।

बीते कुछ सालों से तृणमूल प्रचार करता रहा है कि ममता बनर्जी देश की प्रधानमंत्री बन जाएंगी तो मुख्यमंत्री पद उनके सांसद भतीजे अभिषेक बनर्जी को मिलेगा। हालांकि, दोनों बार लोकसभा चुनाव में विपक्ष को ध?शाई करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार बनाने में सफल हुई है। अब दिल्ली में आप की हार के बाद बंगाल में अगले साल चुनाव है। यह चर्चा है कि विपक्षी मोर्चा संभालने में ममता के पास कोई विकल्प नहीं है। हालांकि तृणमूल सुप्रीमो और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कई बार सार्वजनिक तौर पर कहा है कि मेरे बाद भी तृणमूल सफलतापूर्वक चलता रहेगा। संगठन को मजबूत कर दिया है कि इसे किसी तरह का खतरा नहीं है। नई और पुरानी पीढ़ी एक साथ दल को अगले 50 साल सफलता से आगे ले जाती रहेगी।

> *मुख्यमंत्री* ममता बनर्जी ने स्पष्ट संकेत दिया है कि उनके अलावा कोई दूसरा अकेला दल नहीं चला सकता। बख्शी वरिष्ठ व प्रदेश अध्यक्ष हैं तो अभिषेक राष्ट्रीय महासचिव और युवा नेता हैं। साथ ही, यह भी स्पष्ट किया है कि भले ही दोनों काम संभालेंगे लेकिन नेतृत्व उनका ही चलेगा।

एक हफ्ते की अनुपस्थिति के दौरान उन्होंने अपनी बातों को वास्तविकता की मुहर लगा दी है। 22 मार्च से लेकर 29 मार्च तक दल का कामकाज संयुक्त समिति चलाएगी। मुख्यमंत्री ने एलान किया है कि दल का कामकाज नए -पुरानों से मिश्रित संयुक्त नेतृत्व संभालेगा। वरिष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्सी और युवा सांसद अभिषेक बनर्जी की टीम मिलकर दल चलाएगी।

इस तरह, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्पष्ट संकेत दिया है कि उनके अलावा कोई दूसरा अकेला दल नहीं चला सकता।

भाजपा विधायक के खिलाफ संपत्ति की जानकारी छिपाने का आरोप

कोलकाता, 21 मार्च (जनसत्ता)।

भाजपा विधायक अग्निमित्रा पाल पर आरोप है कि उन्होंने चुनाव आयोग को दिए हलफनामे में अपनी संपत्ति के बारे में सच नहीं बताया है।

इस बारे में चुनाव आयोग, राज्यपाल और राष्ट्रपति को को पत्र लिखकर एक मतदाता ने आरोप लगाते हुए समुचित कार्रवाई की मांग की है। मेदिनीपुर जिले के मतदाता श्यामल राय ने 1951 के जनप्रतिनिधि कानून की धारा 33 ए का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। 2024 में मेदिनीपुर से पाल ने लोकसभा का चुनाव लड़ा था। राय ने आरोप लगाया है कि कोलकाता के बालीगंज में 1300 वर्ग फुट का एक मकान है, जहां 200 वर्ग फुट का एक गैराज भी है। लेकिन उन्होंने इस बारे में आयोग के हलफनामे में सूचित नहीं किया है।

उन्होंने आरोप भी लगाया कि पाल ने पति पार्थ पाल की संपत्ति के बारे में भी सही जानकारी नहीं दी। 2018 से 2020 तक के वित्त वर्ष का ब्योरा दिया है, लेकिन 2021-22 और 2022-23 के बारे में कुछ नहीं बताया है। हालांकि इस बारे में भाजपा विधायक पाल ने किसी भी तरह की टिप्पणी करने से इंकार किया है।

आरजी कर मामला : आगे जांच की अपील को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट में सोमवार को होगी सुनवाई

कोलकाता, 21 मार्च (भाषा)।

कलकत्ता हाईकोर्ट आरजी कर मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल में प्रशिक्षु चिकित्सिका के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या मामले की आगे जांच की अपील को लेकर उनके माता-पिता की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा।

माता-पिता की ओर से पेश वकील ने न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें इस याचिका के साथ की नामित एकल पीठ में जाने को कहा था। न्यायमूर्ति घोष ने गुरुवार को कहा कि यह मामला सुनवाई के लिए सोमवार को उनकी अदालत की सूची में शामिल होगा। प्रशिक्षु चिकित्सिका के माता-पिता ने अपनी याचिका में आगे की जांच सीबीआइ से कराने की अपील की है। इस मामले की जांच का जिम्मा पहले ही हाईकोर्ट ने सीबीआइ को सौंप दिया था। वकील ने कहा कि अदालत ने पहले माता-पिता को शीर्ष अदालत से स्पष्टीकरण लेने को कहा था क्योंकि यह मामला शीर्ष अदालत में स्वतः संज्ञान के तहत लंबित था। शीर्ष अदालत ने पीड़िता के माता-पिता को हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की स्वतंत्रता दी है। मामले की त्वरित सुनवाई की अपील करते हुए वकील ने कहा कि यह मामला अत्यंत महत्वपूर्ण है।

> *प्रशिक्षु* चिकित्सिका के माता-पिता ने परिजन ने याचिका में आगे की जांच सीबीआइ से कराने की अपील की है।

न्यायमूर्ति घोष ने प्रतिवादियों को नोटिस जारी करने का निर्देश देते हुए कहा कि इस याचिका पर सोमवार को सुनवाई होगी। संजय राय को इस मामले में दोषी ठहराते हुए सियालदह सत्र अदालत ने उसे उम्रकैद की सजा सुनाई थी। हालांकि, सीबीआइ अभी भी मामले की जांच कर रही है। पीड़िता के माता-पिता का दावा है कि इस अपराध में अन्य लोग भी शामिल थे और वे चाहते हैं कि सभी दोषियों को कानून के दायरे में लाया जाए।

शहीद यादगार समिति ने भगत सिंह के उद्धरणों का संकलन प्रकाशित किया

कोलकाता, 21 मार्च (जनसत्ता)।

शहीद यादगार समिति पश्चिम बंगाल ने शहीद ए आजम भगत सिंह के लेखों से भाषा ,साहित्य, राजनीति और सामाजिक विषयों में से 63 हिंदी और बांग्ला उद्धरणों को प्रकाशित किया है ।

शहीद यादगार समिति पश्चिम बंगाल की संयुक्त संयोजक श्रेया जायसवाल ने उद्धरणों को संकलित किया है। सुधीर विद्यार्थी की पुस्तक 'अशफाक उल्ला और उनका युग' के बांग्ला अनुवादक श्यामल मुखर्जी ने बांग्ला भाषा में अनुवाद किया है। कल मुजफ्फर अहमद भवन में एक प्रेस कांफ्रेंस में शहीद यादगार समिति के प्रधान संरक्षक सलीम, सोनामनी टुडू, श्यामल मुखर्जी ने भगत सिंह के उद्धरणों के संकलन के ई -बुक का लोकार्पण किया।

शहीद यादगार समिति के राज्य कमेटी के सदस्य फैयाज अहमद खान,केशव भट्टड़,श्री प्रकाश जायसवाल, नरेंद्र पोद्दार, अनिल पांडेय, गोपाल शुक्ला,तन्वी सिंह, अभिषेक कोहार उपस्थित थे। शहीद यादगार समिति के प्रधान संरक्षक मोहम्मद सलीम ने भूमिका लिखी है। उन्होंने उर्दू और संथाली भाषा में भी अनुवाद प्रकाशित करने का प्रस्ताव दिया है। शहीद यादगार समिति के प्रधान संरक्षक मोहम्मद सलीम ने कहा कि भगत सिंह के विचारों को नयी पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए इस संकलन को ज्यादा से व्यापक तौर पर ज्यादा प्रचार करने की जरूरत है।

हावड़ा में 'फूड प्लाजा' में लगी आग

हावड़ा, 21 मार्च (भाषा)।

पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के धूलागढ़ स्थित एक 'फूड प्लाजा' में शुक्रवार शाम को आग लग गई। एक अधिकारी ने जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की कम से कम 15 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि संकरैल थाना क्षेत्र के धूलागढ़ स्थित स्थित 'फूड प्लाजा' में लगी आग में किसी के हताहत होने या फंसे होने की अभी तक कोई जानकारी नहीं है। विभाग को आग लगने की सूचना शाम करीब साढ़े चार बजे मिली थी।

> *अधिकारी* ने बताया कि 15 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

दिल्ली नगर निगम

विज्ञापन विभाग, 25वां तल,
ब्लॉक ई-1, डॉ. एस.पी. मुखर्जी सिविक सेंटर, नई दिल्ली-110002
(ईमेल आईडी: coadvt.mcd@mcd.nic.in)

ई-निविदा सूचना

आयुक्त, एमसीडी की ओर से निम्नलिखित विभिन्न ई-निविदाओं के माध्यम से योग्य निविदादाताओं से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

1. सं.सीओ/विज्ञा./ई-टेंडर-37/2024-25/एमसीडी/एनआईटी/डी-2838 दिनांक 21.03.2025 - एमसीडी के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत प्रारंभ में तीन वर्षों की अवधि के लिए मासिक लाइसेंस शुल्क आधार पर निर्दिष्ट यूनिपोल कलस्टर्स/व्यक्तिगत यूनिपोल/फ्लैग साइन कलस्टर के माध्यम से विज्ञापन अधिकारों के आबंटन के लिए दो निविदा प्रणाली (अर्थात् तकनीकी एवं वित्तीय) के लिए।
2. सं.सीओ/विज्ञा./ई-टेंडर-38/2024-25/एमसीडी/एनआईटी/डी-2839 दिनांक 21.03.2025- एमसीडी के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत प्रारंभ में तीन वर्षों की अवधि के लिए मासिक लाइसेंस शुल्क आधार पर विभिन्न स्थानों पर एलईडी कलस्टर्स/डिजिटल मीडिया के माध्यम से विज्ञापन अधिकारों के आबंटन के लिए दो निविदा प्रणाली (अर्थात् तकनीकी एवं वित्तीय) के लिए।
3. सं.सीओ/विज्ञा./ई-टेंडर-39/2024-25/एमसीडी/एनआईटी/डी-2840 दिनांक 21.03.2025- एमसीडी के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत प्रारंभ में तीन वर्षों की अवधि के लिए मासिक लाइसेंस शुल्क आधार पर परिचालन एवं रखरखाव के साथ जन शौचालय क्लस्टर्स के माध्यम से विज्ञापन अधिकारों के आबंटन के लिए दो निविदा प्रणाली (अर्थात् तकनीकी एवं वित्तीय) के लिए।
4. सं.सीओ/विज्ञा./ई-टेंडर-40/2024-25/एमसीडी/एनआईटी/डी-2841 दिनांक 21.03.2025 - एमसीडी के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत प्रारंभ में तीन वर्षों की अवधि के लिए मासिक लाइसेंस शुल्क आधार पर स्ट्रीट फर्नीचर के माध्यम से विज्ञापन अधिकारों के आबंटन के लिए दो निविदा प्रणाली (अर्थात् तकनीकी एवं वित्तीय) के लिए।
5. सं.सीओ/विज्ञा./ई-टेंडर-41/2024-25/एमसीडी/एनआईटी/डी-2842 दिनांक 21.03.2025 - एमसीडी के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत प्रारंभ में तीन वर्षों की अवधि के लिए मासिक लाइसेंस शुल्क आधार पर सबवे के माध्यम से विज्ञापन अधिकारों के आबंटन के लिए दो निविदा प्रणाली (अर्थात् तकनीकी एवं वित्तीय) के लिए।
6. सं.सीओ/विज्ञा./ई-टेंडर-42/2024-25/एमसीडी/एनआईटी/डी-2843 दिनांक 21.03.2025 - एमसीडी के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए मासिक लाइसेंस शुल्क आधार पर स्ट्रीट लाइट पोल पर पोल कियोस्क के माध्यम से विज्ञापन अधिकारों के आबंटन के लिए दो निविदा प्रणाली (अर्थात् तकनीकी एवं वित्तीय) के लिए।
7. सं.सीओ/विज्ञा./ई-टेंडर-43/2024-25/एमसीडी/एनआईटी/डी-2844 दिनांक 21.03.2025 - एमसीडी के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत पांच वर्षों की अवधि के लिए मासिक लाइसेंस शुल्क आधार पर मल्टीलेवल कार पार्किंग के अग्रभाग पर बिल्डिंग/वाल रैप और एलईडी स्क्रीन के माध्यम से विज्ञापन अधिकारों के आबंटन के लिए दो निविदा प्रणाली (अर्थात् तकनीकी एवं वित्तीय) के लिए।

उपरोक्त सभी ई-निविदाओं के लिए प्रारंभ तिथि 21.03.2025 और अंतिम तिथि 04.04.2025 को 16.00 बजे तक है।
विस्तृत निविदा दस्तावेज एमसीडी की वेबसाइट www.mcdonline.nic.in एवं https://etenders.gov.in/eprocure/app पर उपलब्ध हैं।

- हस्ता. -
वाणिज्यिक अधिकारी
विज्ञापन विभाग, एमसीडी

R.O. No.69/DPI/MCD/2024-25

पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड
(पीएफसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी)
पंजीकृत कार्यालय: प्रथम तल, 'ऊर्जानिधि', 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, फैक्स: 011-23443990 वेबसाइट: www.pfcclindia.com

वैश्विक आमंत्रण (केवल ई-निविदा के माध्यम से)

महाराष्ट्र में अंतर्राज्जीय पारेषण परियोजना के लिए निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और स्थानांतरण (बूट) आधार पर पारेषण सेवा प्रदाता के चयन हेतु **पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड**, पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (भारत सरकार का एक उपक्रम) की पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी "प्रस्ताव हेतु अनुरोध" (आरएफपी) की एकल चरण की दो लिफाफा प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और स्थानांतरण (बूट) आधार पर पारेषण परियोजनाओं की स्थापना हेतु प्रस्ताव आमंत्रित करती है।
इच्छुक बोलीदाता वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com और https://www.pfcclindia.com पर उपलब्ध आरएफपी अधिसूचना और आरएफपी दस्तावेज देख सकते हैं।
निविदादाता अप्रतिदेय शुल्क **रु. 5,00,000/-** या **यूएसडी (यूएस डॉलर) 7,000** + लागू जीएसटी 18 प्रतिशत का भुगतान करके आरएफपी दस्तावेज **24.03.2025 से निम्नलिखित परियोजना के लिए निविदा जमा तिथि से एक कार्यदिवस पूर्व** तक सभी कार्य दिवसों में 10:30 बजे (आईएसटी) से 16:00 बजे (आईएसटी) के बीच 9वीं मंजिल, विंग - ए, स्टेट्समैन हाउस, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, फोन: 91-11-23443996; ई-मेल: pfccl.itp@pfcindia.com से प्राप्त कर सकते हैं।
आरएफपी दस्तावेज https://www.mstcecommerce.com और https://www.pfcclindia.com से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं, यद्यपि, ऐसे मामले में, इच्छुक पार्टियां आरएफपी के उत्तर जमा करते समय अलग से अप्रतिदेय शुल्क **रु. 5,00,000/-** या **यूएसडी (यूएस डॉलर) 7,000** + लागू जीएसटी 18 प्रतिशत जमा कर सकते है। सर्वेक्षण रिपोर्ट एवं आरएफपी दस्तावेजों पर स्पष्टीकरण केवल उन निविदादाताओं को जारी किया जाएगा, जो निविदा जमा तिथि से न्यूनतम एक कार्यदिवस पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में अपेक्षित शुल्क का भुगतान करके आरएफपी दस्तावेज खरीद/प्राप्त कर चुके हैं। निविदादाता किसी भी स्पष्टीकरण/संशोधन/समय विस्तार आदि, यदि कोई हो, के बारे में नवीनतम जानकारी हेतु वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें।
इस संबंध में महत्वपूर्ण समय-सारणी निम्नानुसार है:

क्र. सं.	पारेषण परियोजना का नाम	स्पष्टीकरण प्राप्त करने की अंतिम तिथि (दिन/माह/वर्ष)	आरएफपी का उत्तर जमा करने की अंतिम तिथि (दिन/माह/वर्ष)	आरएफपी के उत्तर खोलने की तिथि (दिन/माह/वर्ष)
1.	महाराष्ट्र के नवी मुंबई में डेटा सेंटर लोड में सप्लाई प्रदान करने हेतु नेटवर्क विस्तार योजना के लिए ट्रांसमिशन योजना	14.04.2025	28.05.2025 को 15:00 बजे (आईएसटी) तक	28.05.2025 को 15:30 बजे (आईएसटी) तक

नोट : पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड बिना कोई कारण बताए और बिना किसी दायित्व के प्रक्रिया को रद्द करने या संशोधित करने का अधिकार रखता है। यह कोई प्रस्ताव नहीं है।

पहलकर्ता
महाराष्ट्र सरकार

बोली प्रक्रिया समन्वयक
PFC CONSULTING LTD.
(पीएफसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी)
(भारत सरकार का उपक्रम)

पहल साझेदार
महाराष्ट्र एस.टी.यू.

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT.
THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES.
THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

ATC GROUP

(Please scan this QR Code to view the RHP)

ATC ENERGIES SYSTEM LIMITED

Our Company was incorporated as 'ATC Energies System Private Limited' a private limited company under the Companies Act, 2013, pursuant to the certificate of incorporation issued by the RoC on September 2, 2020. The name of our Company was subsequently changed to 'ATC Energies System Limited', upon conversion into a public company, pursuant to a board resolution dated February 20, 2024 and a shareholder resolution dated February 21, 2024, and a fresh certificate of change of name was issued on May 1, 2024 by the Registrar of Companies, CPC.

CIN: U31909MH2020PLC345131
Registered Office: Unit No. 3, Plot no. 33, New India Industrial Estate, Mahal IN AR, Off MC Rd., Andheri East, Mumbai-400 093, Maharashtra, India.
Contact Person: Kiran Honnaya Shettigar, Company Secretary and Compliance Officer; **Tel:** + 917208878270; **E-mail:** cs@atcgroup.co; **Website:** www.atcgroup.co

NOTICE TO INVESTORS: CORRIGENDUM TO RED HERRING PROSPECTUS DATED MARCH 18, 2025 ("RHP") ("THE CORRIGENDUM")

This is with reference to the RHP filed with the Registrar of Companies, Maharashtra at Mumbai on March 18, 2025 in relation to the Offer. The attention of investors is drawn to the inclusion of *"Flow of Events from the closure of Bidding period (T day) till Allotment"* under the heading *"Allotment Procedure And Basis of Allotment"* in the section titled "Offer Procedure" on page 278. The extract of the same is as follows-

Flow of Events from the closure of Bidding period (T day) till Allotment:

1. On T day, RTA to validate the electronic bid details with the depository records and also reconcile the final certificates received from the Sponsor Bank for UPI process and the SCSBs for ASBA and Syndicate ASBA process with the electronic bid details.
2. If RTA identifies cases with mismatch of account number as per bid file /FC and as per applicant's bank account linked to depository demat account and seek clarification from SCSB to identify the applications with third party account for rejection.
3. Third party confirmation of applications to be completed by SCSBs on T+1 day.
4. RTA prepares the list of final rejections and circulates the rejections' list with BRLM/ Company for their review/comments.
5. Post rejection, the RTA submits the basis of allotment with the Designated Stock Exchange (DSE).
6. The DSE, post verification approves the basis and generates drawal of lots wherever applicable, through a random number generation software.
7. The RTA uploads the drawal numbers in their system and generates the final list of allotees as per process mentioned below.

The RHP shall be read in conjunction with this Corrigendum and accordingly the RHP stands amended pursuant to this Corrigendum. The information in this Corrigendum supplements the RHP to the extent set out above and will also be disclosed in the Prospectus as and when filed with the RoC, SEBI and the Stock Exchange. This Corrigendum does not reflect all the changes that have occurred between the date of filing of the RHP and the date hereof, and, accordingly, does not include all the changes and/or updates that will be included in the Prospectus.

All capitalized terms used in this Corrigendum shall, unless the context otherwise requires, have the meaning ascribed to such terms in the RHP.

BOOK RUNNING LEAD MANAGER	REGISTRAR TO THE OFFER	COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER
Indorient Financial Services Limited **INDORIENT FINANCIAL SERVICES LIMITED** **Address:** B/805, Rustomjee Central Park, Andheri Kurla Road, Chakala, Mumbai – 400 093, Maharashtra, India. **Tel No.:** +91-79772 12186 **E-mail:** compliance-ifsl@indorient.in **Investor Grievance Email:** wecare@indorient.in **Website:** www.indorient.in **Contact Person:** Mr. Ivor Anil Misquith **SEBI Registration No.:** INM000012661 **CIN:** U67190DL1993PLC052085	KFINTECH **KFIN TECHNOLOGIES LIMITED** **Address:** Selenium Tower B, Plot No – 31 & 32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad– 500 032, Telangana, India. **Tel No.:** +91 40 6716 2222 / 18003094001 **E-mail:** aesl.ipo@kfintech.com **Investor Grievance Email:** einward.ris@kfintech.com **Website:** www.kfintech.com **Contact Person:** Mr. M. Murali Krishna **SEBI Registration No:** INR000000221 **CIN:** L72400TG2017PLC117649	ATC GROUP **KIRAN HONNAYA SHETTIGAR** **ATC ENERGIES SYSTEM LIMITED** **Address:** Unit No. 3, Plot No. 33, New India Industrial Estate, Mahal IN AR, Off MC Rd., Andheri East, Mumbai – 400 093, Maharashtra, India. **Tel No.:** +91 7208878270; **E-mail:** cs@atcgroup.co Investors can contact the Company Secretary and Compliance Officer, the Book Running Lead Manager or the Registrar to the Offer in case of any pre-Offer or post-Offer related matters, such as non-receipt of letters of Allotment, non-credit of Allotted Equity Shares in the respective beneficiary account, non-receipt of refund orders or non-receipt of funds by electronic mode.

On behalf of Board of Directors.
ATC Energies System Limited
Sd/-
Sandeep Gangabishan Bajoria
Chairman & Managing Director

Place : Mumbai, Maharashtra
Date : March 21, 2025

Disclaimer: ATC Energies System Limited is proposing, subject market conditions and other considerations, public issue of its Equity Shares and has filed the Red Herring Prospectus dated March 18, 2025 with the Registrar of Companies, Maharashtra at Mumbai. The Red Herring Prospectus is available on the website of Book Running Lead Manager at www.indorient.in the website of the NSE i.e., www.nseindia.com and website of our Company at www.atcgroup.co. Investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk. For details, investors should refer to and rely on the Red Herring Prospectus including the section titled *"Risk Factors"* of the Red Herring Prospectus, which has been filed with RoC.

The Equity Shares have not been and will not be registered under the US Securities Act of 1933, as amended (the **"Securities Act"**) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, and may not be issued or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and in accordance with any applicable U.S. State Securities laws. The Equity Shares are being issued and sold outside the United States in 'offshore transactions' in reliance on Regulation "S" under the Securities Act and the applicable laws of each jurisdiction where such issues and sales are made. There will be no public offering in the United States.

KIRIN ADVISORS